
हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 19 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

13 ग्रीन डे पर गुरुकुल विद्यालय में गूंजा ...

14 270 मिमी बारिश के बाद भी सूखा डोटू नाला थान...




**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ आज से विदेश यात्रा में रहेंगे सांसद बघेल



**बेमेतरा।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल को देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है। वे 19 से 25 जुलाई तक राष्ट्रपति के साथ मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होना न केवल सांसद बघेल के लिए सम्मान का विषय है, बल्कि दुर्ग-बेमेतरा अंचल के लिए भी गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल तीनों यूरोपीय देशों के साथ भारत के राजनीतिक, आर्थिक, संसदीय, व्यापारिक एवं रणनीतिक संबंधों को नई दिशा देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण वार्ताएं करेगा। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभनिया, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा तथा लोकसभा सांसद विजय बघेल शामिल रहेंगे। यह यात्रा कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है।

### 11.50 लाख का दावा 2.50 लाख में सुलझा

# स्पेशल लोक अदालत में चेक बाउंस के 12 मामलों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को आयोजित स्पेशल लोक अदालत में चेक बाउंस (परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138) के 12 प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। इन मामलों में कुल 81 लाख 98 हजार 960 रुपये के अवार्ड पारित किए गए, जिससे पक्षकारों को त्वरित, सुलभ और कम खर्चीला न्याय मिला। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरोज नंद दास के निर्देशन में आयोजित लोक अदालत का शुभारंभ राज्य स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम से हुआ।

स्पेशल लोक अदालत की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि अपील प्रकरण क्रमांक 95/2024 रही। प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुमार की खंडपीठ के समक्ष लंबित मामले में विचारण न्यायालय ने पहले 11.50 लाख रुपये प्रतिकर अदा करने का आदेश दिया था। लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से विवाद 2.50 लाख रुपये में सुलझ गया और प्रकरण का अंतिम निराकरण कर दिया गया। इसी तरह दो अन्य अपील प्रकरण भी समझौते के आधार पर निपटाए गए।

खंडपीठ क्रमांक-02 के समक्ष लंबित एक अन्य मामले में इलेक्ट्रॉनिक कांटा मशीन एवं कपड़ा दुकान के लिए उधार दी गई राशि के बदले दिया गया चेक बाउंस होने पर विवाद न्यायालय पहुंचा था। लोक अदालत में सुलहकर्ताओं की समझाइश के बाद दोनों पक्षों ने स्वेच्छा से समझौता कर लिया, जिससे मामला सौहार्दपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया।

## आवास जल्द पूरा करें, हर घर में बनाएं सोखता गड्ढा व रेन वाटर हार्वेस्टिंग : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जनपद पंचायत साजा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ने शनिवार को ग्राम पंचायत दर्री में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चौपाल लगाकर हितग्राहियों से संवाद किया। इस दौरान स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने हितग्राहियों से निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने की अपील की।

बैठक में सीईओ ने जल संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि जल ही जीवन है। उन्होंने ग्रामीणों से प्रत्येक घर में सोखता गड्ढा (सोकपिट) तथा रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे वर्षा जल का संरक्षण होगा, भू-जल स्तर में सुधार आएगा और जल की बर्बादी पर रोक लगेगी, जिससे भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। सीईओ ने विकासखंड समन्वयक, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं पंचों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीणों को जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं के निर्माण के लिए तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएं, ताकि प्रत्येक घर में प्रभावी जल संरक्षण व्यवस्था विकसित हो सके।

# मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति! पीडब्ल्यूडी सड़क के गड्ढों में डलवा रहा ईंट और गिट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

■ कुछ दिन पहले हादसे में बाइक सवार की गई थी जान



साजा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़कों के रखरखाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। हर वर्ष सड़क मरम्मत एवं मेंटेनेंस के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद सड़कों की हालत बद से बदतर बनी हुई है। जगह-जगह दरारें और गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। वहीं गड्ढों की मरम्मत के नाम पर ईंटों के टुकड़े, छोटे पत्थर और गिट्टियां डालकर केवल औपचारिकता निभाने का आरोप लगाया जा रहा है। हाल ही में इसी मार्ग पर सड़क के गड्ढे के कारण हुई एक दर्दनाक दुर्घटना में बाइक सवार संतोष निषाद की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के दौरान आत्मानंद स्कूल की छात्राएं भी उसी मार्ग से गुजर रही थीं, लेकिन संयोगवश वे सुरक्षित बच गईं। हादसे के बाद भी सड़क की स्थायी मरम्मत नहीं होने से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क रखरखाव के लिए हर साल बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। कई स्थानों पर सड़क की ऊपरी परत उखड़ चुकी है और बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है।









## खबर संक्षेप

### अनीस रज़ा बने सीरत पाक कमेटी दुर्ग शहर के अध्यक्ष



**दुर्ग।** जामा मस्जिद इंतेज़ामिया कमेटी ने शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक एवं धार्मिक संस्था सीरत पाक कमेटी, दुर्ग शहर का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सैय्यद अनीस रज़ा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जामा मस्जिद इंतेज़ामिया कमेटी के सदर रिजवान खान एंव सदस्यों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने सैय्यद अनीस रज़ा को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। अनीस रजा ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी अमानत है। बधाई देने वालों मे हाफिज जियाउल रहमान, मोहसिन खान, जाकिर खोखर, शेख शकील, साबिर चौहान, तनवीर खान, सैय्यद आसिफ, इसाक अली, शरीफ खान, मोहम्माद उस्मानी, वसीम रजा, अशरफ खान, शेख जहीर, पाशी अली शामिल थे।

### बैठक 22 जुलाई को

**दुर्ग ।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में शिक्षा, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, महिला एवं बाल विकास और खाद्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ उक्त बैठक में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### धान की बोनी 86.53 प्रतिशत, लेकिन रोपा कार्य अभी पीछे

# 24 घंटे में 203.8 मिमी बारिश, जिले में खरीफ बोनी 84% पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले में खरीफ सीजन 2026-27 के दौरान खेती-किसानी ने रफ्तार पकड़ ली है। जिले में खरीफ फसलों का कुल रकबा 1.47 लाख हेक्टेयर निर्धारित है, जिसमें अब तक 1.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी और रोपाई का कार्य पूरा हो चुका है। इस प्रकार जिले में कुल खरीफ रकबे का 84.10 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है।

अच्छी वर्षा के बाद किसानों ने खेतों में तेजी से बोनी शुरू कर दी है, जिससे कई फसलों का लक्ष्य लगभग पूरा होने की स्थिति में पहुंच गया है। जिले में धान प्रमुख फसल बनी हुई है। धान का लक्ष्य 1.34 लाख 500 हेक्टेयर रखा गया है, जिसके मुकाबले अब तक 1.16 लाख 385 हेक्टेयर में खेती हो चुकी है। यह लक्ष्य का 86.53 प्रतिशत है।

#### सीधी बोनी में 102 प्रतिशत क्षेत्र कवर

धान की खेती में सबसे अधिक प्रगति सीधे बोनी पद्धति में देखने को मिली है। सीधे बोनी का लक्ष्य 84,979 हेक्टेयर था, जबकि 86,988 हेक्टेयर क्षेत्र में यह कार्य पूरा हो चुका है। यानी लक्ष्य का 102.36 प्रतिशत क्षेत्र कवर हो गया है। इसी प्रकार लेही चोपी पद्धति में 112.86 प्रतिशत तथा कतार बोनी में 109.57 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। किसान पारंपरिक रोपा पद्धति के साथ-साथ वैकल्पिक तकनीकों को भी अपना रहे हैं। जिले के किसानों को कृषि विभाग उन्नत कृषि करने के लिए प्रेरित भी कर रहा है।

**अब तक हो चुकी जिले में 327.9 मिमी औसत बारिश, सुधर रहे हैं हालात**



#### रोपा सिस्टम से बुवाई में पीछे

धान की रोपा पद्धति में अभी अपेक्षाकृत कम प्रगति हुई है। 35,310 हेक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले केवल 13,752 हेक्टेयर में रोपाई हुई है, जो 38.95 प्रतिशत है। रोपा कार्य मुख्य रूप से वर्षा की निरंतरता पर निर्भर करता है और आने वाले दिनों में इसमें तेजी आएगी। वहीं धान की नर्सरी तैयार करने का कार्य 70.23 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है।

#### दहलन फसलों की स्थिति कमजोर

दलहन फसलों की स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर दिखाई दे रही है। जिले में दलहन का कुल लक्ष्य 1,950 हेक्टेयर रखा गया है, जबकि अब तक केवल 635 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी हो सकी है। यह लक्ष्य का 32.57 प्रतिशत है। अरहर की बोनी 37.52 प्रतिशत, मूंग की 16 प्रतिशत तथा उड़द की केवल 10.75 प्रतिशत ही हो पाई है।बारिश के बाद दलहन क्षेत्र में विस्तार होने की संभावना है।

#### तिलहन फसलों की स्थिति भी बेहतर

रिपोर्ट के मुताबिक तिलहन फसलों में स्थिति कुछ बेहतर नजर आ रही है। कुल 2,160 हेक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले 1,551 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी हो चुकी है, जो 71.80 प्रतिशत है। इसमें सबसे बड़ा योगदान सोयाबीन का है। सोयाबीन का लक्ष्य 2,100 हेक्टेयर रखा गया था, जिसमें से 1,550 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी हो चुकी है। यह लक्ष्य का 73.81 प्रतिशत है। दूसरी ओर तिल की फसल में केवल 1.33 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है।

#### अन्य फसलों में ऐसी प्रगति

जिले में अन्य फसल भी किसान लेते हैं। जिसमें गन्ने का लक्ष्य 409 हेक्टेयर रखा गया था, लेकिन अब तक केवल 67 हेक्टेयर क्षेत्र में रोपण हो पाया है, जो 16.48 प्रतिशत है। कपास की खेती में 69.28 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। 1,735 हेक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले 1,202 हेक्टेयर क्षेत्र में कपास की बोनी पूरी हो चुकी है। वहीं साग-सब्जी एवं अन्य फसलों का लक्ष्य 7,004 हेक्टेयर था, जिसमें 4,501 हेक्टेयर क्षेत्र कवर किया गया है। यह 64.26 प्रतिशत प्रगति को दर्शाता है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीफ फसलों का कुल लक्ष्य थोड़ा बढ़ाकर 1.47 लाख 920 हेक्टेयर किया गया है, जबकि पिछले वर्ष यह 1.46 लाख 361 हेक्टेयर था।

#### बारिश से बढ़ी उम्मीद

“ दो दिनों तक अच्छी बारिश हुई है। आगामी दिनों में खरीफ फसलों की बोनी शत-प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंच सकती है। किसानों को उन्नत बीज, खाद एवं तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। खेतों में पर्याप्त नमी बनने के कारण बोनी का कार्य तेजी से चल रहा है।

**-संदीप भोई,** उपसंचालक कृषि

### जिले में सामान्य से 6.7 प्रतिशत अधिक वर्षा, बोरी तहसील सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गुरुवार की दरम्यानी रात और शुक्रवार को दोपहर तक अच्छी बारिश हुई। यानी पिछले 24 घंटे में जिले में कुल 203.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस बारिश से दुर्ग जिले में इस सीजन के हिसाब से औसतन 327.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले 10 वर्षों के औसत 307.3 मिमी की तुलना में 106.7 प्रतिशत है। यानी जिले में अब तक सामान्य से 6.7 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। इस बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए और खेती-किसानी को नवजीवन मिलने जैसा रहा। इसलिए कि पिछले 20 दिनों से खेती-किसानी का कार्य प्रभावित हो गया था। वहीं लोगों को भी गर्मी से राहत मिली। मौसम सुहावना रहा।

#### सबसे ज्यादा बारिश बोरी तहसील में

जिला भू अभिलेख के रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार को जिले में कुल 203.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसमें सबसे अधिक 47.2 मिमी वर्षा पाटन तहसील में हुई, जबकि बोरी में 42 मिमी, दुर्ग में 35.6 मिमी, शिलाई-3 में 34 मिमी, अहिवारा में 26.9 मिमी और धमधा में 18.1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। 1 जून 2026 से 17 जुलाई तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो बोरी तहसील वर्षा के मामले में सबसे आगे है। यहां 454.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले 10 वर्षों के औसत 211.8 मिमी की तुलना में 214.4 प्रतिशत है। इसके अलावा अहिवारा में 279.6 मिमी वर्षा दर्ज हुई है, जो औसत का 110.3 प्रतिशत है। वहीं दुर्ग तहसील में 356 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य का 98 प्रतिशत है। धमधा में 220.1 मिमी (99.7 प्रतिशत), पाटन में 357.8 मिमी (85.5 प्रतिशत) तथा शिलाई-3 में 299.7 मिमी (79.7 प्रतिशत) वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

#### आज भी बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग ने 18 जुलाई को भी भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे झारखंड तथा उत्तर उड़ीसा के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके अगले 24 घंटे में कमजोर होने की संभावना है। मानसून द्रोणिका अमृतसर, चंडीगढ़, शाहजहांपुर, बस्ती, पटना, निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। 18 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज- चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है।

## सेन नाई समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक 21 को, जुटेगा समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रांत सेन नाई समाज की प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक 21 जुलाई मंगलवार को कोरबा में आयोजित की जाएगी। यह बैठक प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राम सेन के निर्देश पर बुलाई गई है। बैठक का आयोजन श्रीवास सामुदायिक भवन, अंजनी कुंज, बुधवारी बाईपास रोड, कुआं भाठा कोरबा में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। बैठक के प्रमुख एजेंडों में विगत माह वृंदावन हाल रायपुर में संपन्न हुई बैठक की समीक्षा शामिल है, जिसमें लिए गए निर्णयों पर चर्चा होगी। इसके अतिरिक्त, सामाजिक और संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत मंथन होगा, जिसका उद्देश्य संगठन को मजबूती प्रदान करना है। आगामी त्रिवार्षिक निर्वाचन की अधिसूचना, प्रक्रिया, कार्ययोजना और रूपरेखा पर निर्णय किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की नियुक्ति का प्रस्ताव भी इस दौरान रखा जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी। समाज के प्रदेश सचिव भुवन लाल कौशिक ने बताया कि यह बैठक संगठन के भविष्य के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इसलिए समस्त संरक्षक, मार्गदर्शक, प्रदेश संयोजक, संभाग प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, प्रकोष्ठ अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। विशेषकर सभी जिला अध्यक्षों को समय पर पहुंचना आवश्यक किया गया है। बैठक की तैयारियों के लिए समाज के प्रांतीय महासचिव रुद्र सेन, उपाध्यक्ष आशुतोष श्रीवास, कोषाध्यक्ष किसन सेन और जिला सेन समाज कोरबा के अध्यक्ष को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## एसएलआरएम सेंटर एप्रोच रोड पर लगी स्ट्रीट लाइट

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के तहत जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत कुरूद स्थित एसएलआरएम सेंटर के पास एप्रोच रोड पर स्ट्रीट लाइट स्थापित की गई है। इस कार्य से क्षेत्र में रात्रिकालीन आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित एवं सुगम हो गया है। एसएलआरएम सेंटर तक आने-जाने वाले कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों एवं वाहनों को अब अंधेरे की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। सड़क पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होने से दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी तथा आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा का वातावरण मजबूत होगा। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आवश्यकता वाले स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

## अयोध्या में चढ़ावा चोरी व अनियमितताओं का विरोध, दुर्ग में कांग्रेस का प्रदर्शन

**दुर्ग।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर के संयुक्त तत्वावधान में श्रीराम मंदिर अयोध्या में चढ़ावा चोरी एवं कथित वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया।

कांग्रेसजन राजीव भवन में एकत्रित हुए, जहां से विरोध मार्च प्रारंभ होकर चंडी मंदिर, इंदिरा मार्केट होते हुए पांच कंडिल स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचा। वहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भगवान श्रीराम के समक्ष प्रार्थना कर सत्य की विजय एवं दोषियों पर निष्पक्ष कार्रवाई की कामना की। अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और वहाँ चढ़ावे से जुड़ी चोरी एवं कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोप अत्यंत गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की जांच किसी भी प्रकार के दबाव से मुक्त होकर होनी चाहिए तथा इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक जांच समिति गठित की जानी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को कठोर दंड मिले। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित चढ़ावे के संबंध में सामने आए चोरी एवं कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोप अत्यंत गंभीर हैं। इन आरोपों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि देशवासियों की धार्मिक आस्था और विश्वास सुरक्षित रह सके। इस दौरान प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, संजय कोहले, राय सिंह ढिकोला, अजय शर्मा, पोषण साहू, संजय बतरा, प्रेमलता साहू, अल्ताफ अहमद, आनंद कपूर ताम्रकार, शिवकुमार वर्मा, महेंद्र वर्मा, राजेश ठाकुर, अशोक साहू सहित अन्य मौजूद थे।



## पदमनाभपुर थाना प्रभारी ने लेखराम हत्याकांड में की लापरवाही, जांच शुरू

**भिलाई।** पदमनाभपुर थाना क्षेत्र में हुए पांच दिन पूर्व एक हत्याकांड मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में प्रभारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। परिजनों का आरोप है कि मामले में 20 लोगों को पकड़ा था। लेकिन उसमें सिर्फ 6 लोगों को ही आरोपी बनाया गया था। उसके बाद बचे अन्य लोगों को मामूली धारा लगाकर छोड़ दिया गया। इसे लेकर एसीसीयू के तत्कलीन प्रभारी व वर्तमान में पदमनाभपुर प्रभारी प्रमोद रुसिया पर कई गंभीर आरोप लगाए गए है। इसे लेकर सीएसपी दुर्ग हर्षित मेहर ने निरीक्षक को बताओं नोटिस भी जारी किया। नोटिस में बताया गया है कि कहा है कि 12 जुलाई की सुबह दोनों पक्षों में हिंसक झड़प हुई थी। दोनों पक्षों को चोट आई थी। दोनों पक्ष थाना पहुंचे थे। इस दौरान थाना प्रभारी प्रमोद रुसिया द्वारा लापरवाही बरतते हुए एमएलसी कराकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर दी गई। इसे लेकर तुरंत अपराध दर्ज करना छोड़ खानापूर्ति की गई। थाना प्रभारी ने गंभीर विवाद होने के बाद भी उचित कानूनी कार्रवाई नहीं करने के कारण घटना हुआ। दोनों पक्ष में तनाव बढ़ता गया और हत्या जैसी वारदात हो गई। घटना के समय थाना प्रभारी से पहले ही दुर्ग सीएसपी हर्षित मेहर घटनास्थल पहुंच गए थे।

#### प्रभारी से लगातार हो रही है चूक

दोनों पक्षों के बीच हिंसक विवाद के बाद तत्काल थाना पहुंचकर एक दूसरे के खिलाफ शिकायत की गई थी। लेखराम कोठारी की हत्या की सूचना मिल जाने के बावजूद थाना प्रभारी द्वारा लापरवाही बरती गई। इसके अलावा उपचार के नाम से अस्पताल पहुंचे लक्ष्मी चेलक अचानक फरार हो गया था। जिसे देर रात एसीसीयु टीम ने पकड़ा। इस तरह की लापरवाही में कई बार लाइन अटैच तक की कार्रवाई होती रही है लेकिन थाना प्रभारी की लगातार चूक के बाद कार्रवाई नहीं हो पाई। परिजनों का आरोप है थाना प्रभारी की लापरवाही के कारण ही हत्या जैसे वारदात हुआ।

## विधायक रिकेश ने उठाया राशन वितरण में गड़बड़ी का मुद्दा

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में कथित अनियमितताओं का गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने खाद्य मंत्री से पूछा कि क्या वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र की उचित मूल्य दुकानों में हितग्राहियों को राशन कार्ड पर मिलने वाले चावल की जगह नगद राशि दी जा रही है और गरीबों के हिस्से का चावल अवैध रूप से बाजार में बेचा जा रहा है।विधायक ने यह भी जानना चाहा कि इस प्रकार की कुल कितनी शिकायतें विभाग को प्राप्त हुईं, उन पर क्या जांच और कार्रवाई की गई। इस पर



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने सदन में स्पष्ट किया कि वैशाली नगर क्षेत्र में चावल के स्थान पर हितग्राहियों को नगद भुगतान किए जाने की कोई पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चावल के अवैध परिवहन से संबंधित कुल 4 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिन पर विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

## चेक बाउंस मामले में लोक अदालत आज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में 18 जुलाई को परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 (चेक बाउंस प्रकरण) से संबंधित मामलों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित चेक बाउंस प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर शीघ्र, सरल एवं प्रभावी निराकरण कर पक्षकारों को दीर्घकालीन न्यायिक प्रक्रिया से राहत प्रदान करना है। लोक अदालत में शामिल होने के लिए ऐसे सभी चेक धारकों, चेक जारीकर्ताओं, पक्षकारों तथा संबंधित अधिवक्ताओं से अपील की है।

## मकान निर्माण में बाधा व बैंक खाता बंद होने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर योगिता देवांगन ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर प्रफुल्ल गुप्ता भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 121 आवेदन प्राप्त हुए।




#### मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत

ग्राम सेलूद निवासी ने अपर कलेक्टर को आवेदन देकर भारतमाला परियोजना के तहत अधिग्रहित अपनी भूमि का मुआवजा अब तक नहीं मिलने की शिकायत की है। मजदूर संघ ने बोरई गोदाम में सड़क मरम्मत और पेयजल व्यवस्था की मांग की। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे ट्रकों की आवाजाही और चावल के भंडारण व उठाव का कार्य प्रभावित हो रहा है।

#### मौखिक आपत्ति कर निर्माण रुकवाने की शिकायत

ग्राम पुरई निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण में बाधा डालने तथा बैंक खाता बंद होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से शासकीय आबादी भूमि पर परिवार सहित निवास कर रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम होने के कारण वह पक्का मकान बनवाना चाहती हैं, लेकिन सरपंच द्वारा मौखिक आपत्ति कर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया। साथ ही उनका बैंक खाता भी बंद हो गया है, जिससे महतारी वंदन योजना और पेंशन की राशि पिछले दो-तीन माह से नहीं मिल पा रही है। मकान निर्माण रुकने और आर्थिक सहायता नहीं मिलने से उनका परिवार मानसिक एवं आर्थिक परेशानी का सामना कर रहा है। इस पर अपर कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### भिलाई निगम आयुक्त ने समीक्षा बैठक लेकर दिए निर्देश

## भिलाई निगम क्षेत्र में 80 प्रतिशत स्ट्रीट लाइट बंद, अब जोनवार होंगे टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा निगम सभागार कक्ष में अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली । इस बैठक में शहर की बुनियादी सुविधाओं, पर्यावरण संरक्षण और जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निराकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई एवं अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। शहर की प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए आयुक्त ने निर्देशित किया है कि स्ट्रीट लाइट मरम्मत के आगामी टेंडर (निविदाएं) अब सीधे जोन स्तर से किए जाएं, ताकि कार्य में सुगमता के साथ शिकायतों का स्थानीय स्तर पर तेजी से निपटारा हो सके। गौरतलब है कि शहर में 80 प्रतिशत स्ट्रीट लाइटें बंद है।

#### गिरते भूजल स्तर सुधारने कार्ययोजना

आयुक्त सुरूचि सिंह ने गिरते भूजल स्तर को सुधारने के लिए शहर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग (वर्षा जल संचयन) के कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्य से आने वाले समय में पेयजल की समस्या नहीं होगी । निगम आयुक्त सभी शहर वासियों से आग्रह किए हैं कि सभी अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण करें, जिससे संपूर्ण शहर में जल स्तर सही हो सके।



#### भिलाई को हरा-भरा बनाने पौधरोपण

भिलाई को हरा-भरा बनाने के लिए बड़े पैमाने पर पौधारोपण (प्लांटेशन) करने और पौधों को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा उपायों (ट्री-गार्ड आदि) पर विशेष चर्चा की गई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित शिकायतों का समय सीमा के भीतर व गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

#### 15 वें वित्त आयोग की समीक्षा की

बैठक में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही, निगम के बकाया बिजली बिलों के भुगतान और बिजली खपत को नियंत्रित करने के उपायों पर चर्चा हुई। शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और गति लाने के लिए निगम के सभी विभागों को शत-प्रतिशत ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से कार्य करने के निर्देश दिए गए। नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना और पर्यावरण का संरक्षण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का समय सीमा में पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें। बैठक में मुख्य रूप से अपर आयुक्त राजेंद्र कुमार दोहरे, मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, उपायुक्त नरेंद्र बंजारे, डी के कोसरिया, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, ऐशा लहरे, अजय गौर, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, संजय अग्रवाल संजय वर्मा, अरविन्द शर्मा, अनिल सिंह, नितेश मेश्राम, लेखाधिकारी चन्द्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राजस्व अधिकारी जे पी तिवारी, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मोहन नगर पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

## परीक्षा देकर घर लौटे छात्र ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

परीक्षा देकर घर लौटे छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। खबर लगने पर मोहन नगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया। पुलिस ने बताया कि जवाहर नगर दुर्ग निवासी यश कुमार डडसेना कक्षा 12 वीं का छात्र था। शुक्रवार को उसकी केमेस्ट्री विषय की पूरक परीक्षा थी। परीक्षा देकर घर लौटने के कुछ देर बाद ही छात्र ने फांसी लगा लिया। मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। घटना दोपहर करीब 12 बजे की है, जब पिता यश को मोबाइल पर कॉल किया। लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया। पिता घर के लैंडलाइन नंबर पर कॉल किया। कॉल दादी ने रिसीव किया। दादी ने बताया कि यश कुछ देर पहले टॉयलेट जा रहा हूं कहकर गया था। काफी देर तक यश वापस नहीं लौटा तो दादी उसे देखने गईं। पहले उन्होंने टॉयलेट में तलाश की, लेकिन वह वहां नहीं मिला। बगल में बने स्टोर रूम का दरवाजा खोला तो यश फांसी के फंदे पर लटका मिला। शव को देख दादी घबरा गईं और तुरंत परिजनों को सूचना दी।

## खबर संक्षेप

### डी.ए.वी. मुख्यमंत्री स्कूल के विद्यार्थियों ने लिया हरियाली बढ़ाने का संकल्प



**बेमेतरा।** डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जांता में पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से 6 से 18 जुलाई तक 15 दिवसीय वन महोत्सव पखवाड़ा का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान से हुई, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया। पखवाड़े के दौरान चित्रकला, पोस्टर निर्माण, निबंध, स्लोगन लेखन, भाषण, कविता वाचन, स्वच्छता अभियान तथा पौधों की देखभाल जैसी प्रतियोगिताएं एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय के प्राचार्य पी. एल. जायसवाल ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है।

### जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा पर आयोग की पहल सराहनीय : जैन

**नवागढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जैन साधु-साध्वियों के पैदल विहार के



दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों को जारी निर्देशों का भाजपा सोशल मीडिया अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सहप्रभारी आशीष जैन ने स्वागत किया है। उन्होंने आयोग अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षित यात्रा, धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आयोग की यह पहल अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय साबित होगी।

### जिले में अब तक 222 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून 2026 से 18 जुलाई 2026 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 222 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील थान खम्हरिया में 286 मि.मी. तथा न्यूनतम 161 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 165.9 मि.मी. वर्षा, देवकर तहसील में 231 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 230.8 मि.मी. व भिंभौरी तहसील में 217.9 मि.मी., साजा तहसील में 258 मि.मी.वर्षा, दाढ़ी तहसील मे 254.8 मि.मी. वर्षा एवं नांदघाट तहसील में 192.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# बरगा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 85 से अधिक मरीजों का हुआ उपचार

## छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना की पहल, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानखम्हरिया

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना साजा के तत्वावधान में ग्राम बरगा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रायपुर के फर्स्ट केयर फाउंडेशन एवं बोर्नियो हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 85 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया।

शिविर में हड्डी एवं जोड़, नसों, नेत्र, गला, पेट सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को आवश्यक दवाइयों के साथ स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सलाह भी दी। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे शिविरों का नियमित आयोजन करने की मांग की। शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना साजा के अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू के नेतृत्व में किया गया। आयोजन को



सफल बनाने में संगठन के सचिव सूर्यकांत साहू, युवा अध्यक्ष राजकुमार साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी साजा के अध्यक्ष सुनील वर्मा, रूपेश साहू, अजय साहू तथा जीयन निषाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फर्स्ट केयर फाउंडेशन की ओर से अध्यक्ष गोलू साहू एवं विनोद कुमार पाटिल उपस्थित रहे। वहीं बोर्नियो हॉस्पिटल रायपुर से डॉ. श्रद्धा सिंह, डॉ. दुलार साहू, मार्केटिंग मैनेजर राहुल डहरिया, नर्स पल्लवी सोरी एवं संजना अनंत ने मरीजों की जांच कर उपचार किया। आयोजकों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## विद्यार्थियों ने लिया 'एक विद्यार्थी-एक वृक्ष' का संकल्प

# ग्रीन डे पर गुरुकुल विद्यालय में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

गुरुकुल विद्यालय, सुकुलपारा नवागढ़ में शनिवार को आयोजित ग्रीन डे कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का सशक्त संदेश देकर यादगार बन गया। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, गीत और पौधारोपण के माध्यम से प्रकृति बचाने का संकल्प लिया।

विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, जल एवं वायु प्रदूषण तथा प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन पर चिंता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से जल बचाने, वृक्ष लगाने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण, समृद्ध संस्कृति और जागरूक नागरिक ही एक सशक्त राष्ट्र की पहचान हैं।



कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली तथा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प दोहराया। विद्यालय के संचालक राजेशधर दीवान सहित प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार साहू, शिक्षक रूपेंद्र सिन्हा, सुशील भारती, सोनू राजपूत, फागूराम साहू, लोकेश्वर, वेदप्रकाश, कलेश्वर, सुरेश साहू, इंदु मैम, योगिता राजपूत, अवंतिका हिरवानी, दामिनी साहू, दिलेश्वरी गेंड्रे, भुवनेश्वरी, दुर्गा साहू, सुप्रिया साहू, मोनिका, पूजा सोनकर, संजना साहू, हितेश्वरी बंजारे, मुस्कान, सुनिधि, इंद्राणी, हेमलता, मीनाक्षी, छाया निषाद, योगिता बंजारे, ममता रजक सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अग्रवाल समाज ने शुरू किया पौधारोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन बेमेतरा जिला इकाई ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। अभियान के तहत सरस्वती शिशु मंदिर एवं विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री महेश अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष अनिल सिंघानिया के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में समाजजनों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। जिला अध्यक्ष अनिल सिंघानिया ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव है। पेड़ शुद्ध ऑक्सीजन, छाया, फल और स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम में संजय सिंघानिया, शिवेंद्र बिंदल, सुरेश सिंघानिया, विकास बंसल, प्रमोद सिंघानिया, आशीष बंसल, रौनक मुरारका, यशेष अग्रवाल, कान्हा बिंदल, राकेश जोशी, अंकित बिंदल, नरसिंह केडिया, विश्वनाथ साहू, जगराखन मंडावी एवं सब इंजीनियर लालचंद जायसवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 42 वर्षों की शिक्षकीय सेवा के बाद हेमचंद साहू को विदाई

**बेमेतरा।** बेरला विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा में 42 वर्षों तक शिक्षकीय सेवा देने वाले वरिष्ठ शिक्षक हेमचंद साहू को विद्यालय परिवार ने भावभीनी विदाई दी।

- लावातरा स्कूल परिवार ने किया सम्मान, विद्यार्थियों को कराया न्योता भोज

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने गुलाल व पुष्पहार से उनका स्वागत कर शाल, श्रीफल, डायरी, पेन एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि हेमचंद साहू ने वर्ष 1984 में मात्र 20 वर्ष की आयु में शिक्षकीय सेवा शुरू की थी। वे 31 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्त हुए। जनवरी में सेवानिवृत्ति और अस्वस्थता के बावजूद उन्होंने पूरे शैक्षणिक सत्र तक विद्यालय में अपनी सेवाएं देकर समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया। प्राथमिक शाला लावातरा के प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद साहू ने उनके जीवन एवं शिक्षकीय योगदान पर प्रकाश डाला। हाई स्कूल के प्राचार्य राकेश कुमार पांडेय, प्रधान पाठक टीकाराम साहू सहित अन्य शिक्षकों ने उनके शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान को याद करते हुए स्वस्थ एवं सुखद जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सीताराम साहू, उपसरपंच गणपत साहू, पूर्व सरपंच साहेब दास कुर्रे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक- शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय कर्मचारी महासंघ की बैठक में छत्तीसगढ़ ने उठाईं कर्मचारियों की सात प्रमुख मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की अखिल कार्यसमिति की बैठक पश्चिम बंगाल के कल्याणी स्थित विधानचंद्र कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित हुई। बैठक में देशभर के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रदेश महामंत्री बोधीराम निषाद ने कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने केंद्र के समान समय पर महंगाई भत्ता, आठवें वेतनमान का शीघ्र क्रियान्वयन, प्रशासनिक न्यायाधिकरण की स्थापना, 25 वर्ष की सेवा पर पूर्ण पेंशन, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, वेतन विसंगतियों के निराकरण तथा कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा लागू करने सहित सात प्रमुख मांगें रखीं। बैठक में उत्तर प्रदेश, केरल, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने राज्यों के कर्मचारियों की समस्याएं रखीं।



# नवपदस्थ एसपी त्रिलोक बंसल ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से की सौजन्य भेंट

**बेमेतरा।** जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (आईपीएस) ने शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय पहुंचकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सरोजनंद दास से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान पुलिस एवं न्यायपालिका के बीच बेहतर समन्वय, विधि-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा न्यायिक कार्यों में आपसी सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और न्यायिक प्रक्रिया को सुचारु रखने के लिए बेहतर समन्वय पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रथम एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित सिंह, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला सहित जिला एवं सत्र न्यायालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# डीआर पर बड़ी राहतः पेंशनरों की वर्षों पुरानी मांग पूरी, एसोसिएशन ने फैसले का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन, जिला शाखा बेमेतरा ने मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 की धारा-49 के तहत पेंशनरों को महंगाई राहत (डीआर) देने के लिए मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच आपसी सहमति की अनिवार्यता समाप्त किए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। संगठन ने इसे प्रदेश के लाखों पेंशनरों और परिवार पेंशनरों के हित में ऐतिहासिक फैसला बताया है। जिलाध्यक्ष आर.के. वर्मा ने बताया कि संगठन ने 7 एवं 8 जुलाई 2026 को जिले के विधायकों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर दोनों राज्यों की सहमति की बाध्यता समाप्त करने की मांग की थी। इसके बाद 17 जुलाई 2026 को मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ शासन के सचिव एवं अपर मुख्य सचिव स्तर से जारी पत्र के माध्यम से इस अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अब दोनों राज्य अपने-अपने स्तर पर महंगाई राहत संबंधी आदेश जारी करने के लिए स्वतंत्र होंगे। इससे पेंशनरों को डीआर का लाभ समय पर मिल सकेगा और लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक बाधा भी समाप्त हो जाएगी।



### 1 जनवरी 2026 से 2% डीआर देने की मांग

एसोसिएशन ने राज्य सरकार से मांग की है कि केंद्र सरकार के समान 1 जनवरी 2026 से देय 2 प्रतिशत महंगाई राहत का आदेश जल्द जारी करते हुए एरियर सहित प्रदेश के सभी पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों को भुगतान किया जाए। संगठन ने उम्मीद जताई कि सरकार शीघ्र निर्णय लेकर लाखों पेंशनरों को आर्थिक राहत प्रदान करेगी। संगठन ने मांग के समर्थन में सहयोग देने वाले सभी विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं संगठन के रामविलास दुबे, बी.पी. परगनिहा, अश्वनी बनर्जी, के.एन. मिश्र, जगतराम वर्मा, कपिल वर्मा, नीलेश्वर चंद्राकर, जवाहर चंद्राकर, ऋषि सिंह राजपूत, घनश्याम चंद्राकर, शिवकुमार साहू सहित अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने शासन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे पेंशनरों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# 270 मिमी बारिश के बाद भी सूखा डोटू नाला थान खम्हरिया में गहराया जलस्रोतों का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

बेमेतरा जिले में इस मानसून सबसे अधिक वर्षा थान खम्हरिया तहसील में दर्ज होने के बावजूद नगर की जीवनदायिनी डोटू नाला सूखी पड़ी है। 1 जून से अब तक 270.5 मिमी बारिश होने के बाद भी नाले में धार तक नहीं बह सकी, जिससे नगर पंचायत की करीब आधी आबादी निस्तारी और मवेशियों के लिए पानी को लेकर चिंता में है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में इस बार औसत से अधिक वर्षा हुई है और थान खम्हरिया सबसे अधिक बारिश वाला क्षेत्र रहा। 12 से 17 जुलाई के बीच हुई लगातार बारिश से खेतों में पानी भर गया, लेकिन नगर से लगे डोटू नाला में जलप्रवाह नहीं होने से लोग हैरान हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले दो दशकों में पहली बार इतनी बारिश के बाद भी नाला नहीं चला। संभावना जताई जा रही है कि नाले के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम बारिश होने के कारण यह स्थिति बनी है। डोटू नाला वार्ड क्रमांक 1 से 8 तथा 9, 10, 11 और 14 सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लिए प्रमुख जलस्रोत है। गर्मी में पेयजल की व्यवस्था हैंडपंप और बोरवेल से हो जाती है, लेकिन बरसात के दौरान निस्तारी, कपड़े धोने और मवेशियों को पानी पिलाने के लिए लोग इसी नाले पर निर्भर रहते हैं। नाले पर बने तीन एनीकट भी पूरी तरह सूखे पड़े हैं, जिससे गर्मी में जलसंकट की आशंका बढ़ गई है। नगर के साथ-साथ गुवारा, करमू, तोरन, हाटरांका, पलेनी, चीजगांव, हाड़ाहुली, गड़ुवा, बरगा, चूहका, महीदही, साजन और भरमपुरी सहित कबीरधाम जिले के करीब 30 गांव भी इस जलस्रोत पर निर्भर हैं।

■ नगर पंचायत क्षेत्र की आधी आबादी की जीवनदायिनी डोटू नाला में धार तक नहीं बह पाई



## 200 हेक्टेयर सिंचाई पर भी मंडराया संकट

डोटू नाले के गुवारा व्यपवर्तन से नहर के माध्यम से लगभग 200 हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई होती है। किसान खेमा वर्मा, रामखिधावन साहू, रज्जू पटेल, सनत पाटिल, धनीराम, राजेंद्र दुबे, मंगलू साहू और अन्य किसानों ने बताया कि फिलहाल खेतों में वर्षा का पानी है, लेकिन अगस्त-सितंबर में नाले में पानी नहीं आया तो धान और सब्जी की फसल प्रभावित हो सकती है।

## अमित कैम्प मंडल अध्यक्ष बने

भिलाई। भाजयुमो जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने कैम्प मंडल अध्यक्ष के रुप में अमित कुमार की नियुक्ति की है। अमित कुमार ने कहा कि पार्टी जिस विश्वास और भरोसा से मुझे जिम्मेदारी सौंपी है। उस पर खरा उतरने का प्रयास करुंगा।











